Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 28-07-2005

Participants : Singh Baba Shri K.C.

>

Title: Need for construction of roads by Border Road Organisation at the borders of Uttaranchal with a view to prevent intrusion of extremists from adjoining countries.

श्री के.सी.सिंह 'बाबा' (नैनीताल) : सभापति जी, मैं आपके माध्यम से माननीय रक्षा मंत्री महोदय जी का ध्यान उत्तरांचल प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों की ओर दिलाना चाहता हूं, जो नेपाल देश की सामा से लगे हैं। इन क्षेत्रों पर सीमा सड़क संगठन (BRO) द्वारा सड़क निर्माण कराने की आवश्यकता है।

महोदय, उत्तरांचल की सीमा में नेपाल देश से माओवादियों की घुसपैठ की सम्भावना है जोकि एक चिन्ता का विाय है। इस कारण प्र ादेश में दहशत फैल रही है। माओवादियों की घुसपैठ से हमारे प्रदेश तथा देश की सुरक्षा को भी खतरा पैदा हो सकता है।

महोदय, उत्तरांचल एक ओर चीन-तिब्बत की सीमाओं तथा दूसरी ओर नेपाल की विशाल सीमा क्षेत्र से जुड़ा हुआ है। उत्तरांचल राज्य में स्थित पूर्णागिरी, पंचेश्वर, झूलाघाट, जौलजीवी, धारचूला, तवाघाट, नारायण आश्रम, मालपा, गर्बियांग और कालापानी नेपाल देश की सीमा के साथ लगे होने के कारण इन ग्रामीण क्षेत्रों में सीमा सड़क संगठन (BRO) द्वारा सड़क निर्माण सुनिश्चित करना, गांवों के समस्त विकास संबंधी कार्यनीति के लिए अत्यधिक अनिवार्य है। सड़क निर्माण होने से बेहतर स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य सार्वजनिक सेवाएं मिलेंगी और ग्रामीण तथा शहरी जीवन के बीच का अन्तर दूर होगा। यह सुरक्षा, संरक्षा, आत्म-सम्मान, सामाजिक स्थिति और सांस्कृतिक पहचान बनाने में भी योगदान देगा।

महोदय, मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि उपर्युक्त विाय की गम्भीरता को देखते हुए उक्त वर्णित क्षेत्रों में सड़क निर्माण करने के लिए जल्दी से जल्दी सीमा सड़क संगठन (BRO) को निर्देश दिए जाएं।

MR. CHAIRMAN :

Shri Rayapati Sambasiva Rao : Not present.

Shri S.K. Kharventhan.